प्रेस विज्ञप्ति

**फरहान पेटीवाला भारत के शीर्ष आंख के अस्पतालों में से एक अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल में शामिल हुए**

**मुंबई/नई दिल्ली, 03 अप्रैल, 2018:** हाल तक एनैक्टस इंडिया (कानूनन साइफ इंडिया के तौर पर पंजीकृत) के अध्यक्ष रहे फरहान पेटीवाला, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल (एजेईएच) में कार्यकारी निदेशक और विकास प्रमुख (भारत एवं दक्षिण एशिया) के तौर पर शामिल हुए हैं।

बिहार के मस्तीचाक स्थित मुख्यालय वाला अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल इस देश के निम्न आय वाले क्षेत्रों में अंधापन दूर करने के काम में लगा है और यह बिहार एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के हिस्सों में अपनी सेवाएं दे रहा है। यह पहले से ही भारत में पांचवा सबसे बड़ा आंख का अस्पताल है और इस क्षेत्र में एक बड़ी भूमिका निभाने का अवसर इसके पास है। अंधापन निम्न आय के स्तर से गहराई से जुड़ा होता है और इस अस्पताल का मानना है कि अंधापन दूर करने से निम्न आय वाले क्षेत्रों में अंतर में काफी सुधार आएगा। यह ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय रूप से पिछड़े परिवारों से आने वाली युवतियों को शिक्षित करने, उन्हें कुशल बनाने और रोजगार देने के काम में भी लगा है। अखंड ज्योति हॉस्पिटल एक धर्मार्थ संगठन है और यह हर साल 70,000 ऑपरेशन में से 80 प्रतिशत निःशुल्क करता है।

फरहान का एक सीरियल उद्यमी के तौर पर 25 साल का लंबा करियर है और इन्होंने भारत, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, सिंगापुर में बहुराष्ट्रीय कंपनियों में वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी के तौर पर काम किया है और साथ ही वह सामाजिक संगठन चलाने में भी शामिल रहे हैं। गोल्ड मेडल से सम्मानित इंजीनियर फरहान ने हैदराबाद के इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस से एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम किया है और अमेरिका के हावर्ड बिज़नेस स्कूल से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम किया है।

**परियोजना प्रमुख और ट्रस्टी श्री मृत्युंजय तिवारी** ने कहा, "हम हमारे परिवार में फरहान का तहे दिल से स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अखंड ज्योति को ऊंचाई पर ले जाने में उनके नेतृत्वकारी गुणों का लाभ हमें मिलेगा।"

अखंड ज्योति को टाटा मोटर्स के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं वाइस चेयरमैन रवि कांत की अध्यक्षता वाले इंटरनेटशनल एडवाइजरी बोर्ड से सहायता मिलती है जिसमें कई अन्य गणमान्य व्यक्ति जैसे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के संस्थापकों में से एक और वर्तमान में सिंगापुर स्थित जंगल वेंचर के प्रमुख श्री जयेश पारेख, ओएंडएम के पूर्व अध्यक्ष आर. श्रीधर और एक्विटॉर वैल्यू एडवाइज़री के संस्थापक एवं मुख्य ज्ञान अधिकारी रमेश जूड थॉमस, टाटा ग्रुप के पूर्व एचआर प्रमुख सतीश प्रधान आदि शामिल हैं। इनके मार्गदर्शन में अखंड ज्योति विकास की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है।

किसी अन्य जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें

Ishneet Sachdeva/David Vaz

ishneet@kommune.in/david@kommune.in

Mobile- 9619194346/9833719688